# 10वाँ बांग्ला देश जम्बूरी

## दिनांक 08.03.2019 से 14th Mar 2019

सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल के 2 स्काउट आदित्य साहू, और आयुष चौधरी 8 मार्च से 14 मार्च तक दसवीं बांग्ला देश एवं तीसरी saanso जम्बूरी में सम्मिलित हुए। अतंर्राष्ट्रीय स्काउट जम्बूरी में भारत, नेपाल , भूटान , मालद्वीप , श्रीलंका , अफगानिस्थान ,अमेरिका , जापान आदि देशों ने भाग लिया। प्रतिदिन अलग– अलग रोचक एवं मनमोहक कार्यक्रम होते थे जैसे – स्टडी टूर , ट्रेकिंग , कुकिंग, अनुमान लगाना और बहुत सी साहसिक गतिविधियाँ । 8 मार्च को नन्दन पार्क का भ्रमण अविस्मरणीय रहा। पायनियरिंग , फस्टेड एवं सामान्यज्ञान प्रश्न मंच बहुत अच्छा रहा।

कैम्प का उद्घाटन बंगला देश के प्रेसिडेन्ट द्वारा किया गया। नृत्य के द्वारा सभी का स्वागत किया गया। जो मन को भाने वाला था। सभी देशों के स्काउट गाइड के बीच भ्रमण करके उनका कल्चर देखा, भाषा , खान पान , रहन सहन की जानकारी ली।

एडवेन्चर बहुत ही अच्छे बने थे सारा प्रबन्ध बहुत अच्छा था। अन्त में हम सबने शॉपिंग की एक्सचेन्ज थिंग्स खरीदे । अपने अच्छे मित्राों को भारत के स्कार्फ एवं बैज दिये। यादगार स्वरूप उन्होने भी उपहार दिये। बांग्ला देश जम्बूरी में सब कुछ बहुत अच्छा था। यादगार शिविर रहा । जो कभी नही भुलाया जा सकता ।